समाचार

# संत कबीर दास जी महान समाज सुधारक, उनके संदेश प्रेरणादायक–महापौर

## (सद्गुरू कबीर प्राकट्य उत्सव समारोह में शामिल हुई महापौर, रैली को नगर भ्रमण के लिए किया रवाना)



कोरबा 17 जून 2019–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि संत कबीर दास जी एक महान सुधारक थे, उन्होने अपने उपदेश एवं अपने कर्म से भटके हुए समाज को नई राह एवं दिशा दी थी, कबीर दास जी द्वारा दिए गए उपदेश एवं उनके संदेश हर युग एवं समय में सार्थक हैं, हमें उनके संदेशों को जन–जन तक प्रसारित करना चाहिए तथा उनके द्वारा दिए गए उपदेश एवं संदेशों को आत्मसात करना चाहिए।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी स्थित कबीर आश्रम में आयोजित सद्गुरू कबीर प्राकट्य उत्सव समारोह के दौरान कही। कबीर जयंती के पावन अवसर पर भारतीय मानिकपुरी (पनिका)महिला समाज कोसाबाड़ी कोरबा एवं सद्गुरू कबीर आश्रम व बाग सेवा समिति कोसाबाड़ी के तत्वाधान में कबीर आश्रम में सद्गुरू कबीर प्राकट्य उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए समारोह का शुभारंभ कराया, इस मौके पर आयोजित चौका आरती में सम्मिलित हुई तथा कबीर जयंती की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं आमजन को दी। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा सद्गुरू कबीर जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन किया गया, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने श्वेत वस्त्र की झण्डी दिखाकर रैली को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्याविनोद महंत, गणेश दास महंत, अजीत दास महंत, दिलहरणदास महंत, सुखीदास महंत, कमलदास महंत, नरेश दास महंत, आरतीदास, दर्शनदास, जितेन्द्र दास, संतोषदास, गीता महंत, निर्मला महंत, साहिल महंत, शिवकुमारी, श्यामबाई दीवान, रामकुमारी महंत, हेमबाई, फुलबाई, लक्ष्मीबाई, श्यामबाई महंत आदि के साथ काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।